## SGRR यूनिवर्सिटी, देहरादून के अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग के बी.ए. और एम.ए. के छात्रों ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) ऋषिकेश का शैक्षिक भ्रमण किया

SGRR यूनिवर्सिटी, देहरादून के अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग के बी.ए. और एम.ए. के छात्रों ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) ऋषिकेश का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, चिकित्सा क्षेत्र की प्रशासनिक नीतियों और स्वास्थ्य संचार के महत्व को समझाना था।

इस दौरान छात्रों ने सर्वप्रथम भारत की पहली हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस (HEMS), जो की "संजीवनी" परियोजना के अंतर्गत आता है, का हेलीकॉप्टर देखा। यह सर्विस उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के दुर्घटना पीड़ितों ओर मरीजों के लिए एक वरदान है। तत्पश्चात छात्रों ने AIIMS-ऋषिकेश के विभिन्न विभागों का दौरा किया और चिकित्सा क्षेत्र में शोध, प्रशासनिक प्रबंधन, संसाधन आवंटन और स्वास्थ्य क्षेत्र की नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

छात्रों ने अस्पताल प्रशासन, चिकित्सा अनुसंधान, और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आर्थिक पहलुओं पर अधिकारियों से संवाद किया। इसके अलावा, स्वास्थ्य संचार की भूमिका और मेडिकल क्षेत्र में भाषा के महत्व पर भी चर्चा हुई।

यात्रा के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस भ्रमण ने उन्हें न केवल स्वास्थ्य अर्थशास्त्र की बारीकियों को समझने में मदद की बल्कि उन्हें चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं से भी अवगत कराया।

इस शैक्षिक यात्रा का नेतृत्व अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर (डॉ.) पूजा जैन एवं डॉ. अमर लता तथा अंग्रेजी विभाग के डॉ. विशाल जोशी ने किया।

अंत में, संकाय सदस्यों ने AIIMS- ऋषिकेश प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




PSA Building
PM CARES
PSA PLANT UNDER PM CARE
AIIMS Hospital, Rishikesh (Uttarakhan
PSA Plant Capacity 1000 LPM